# प्रथम सूचना रिपोर्ट

*(अन्तर्गत धारा 154 दण्ड प्रकिया संहिता)*

1. जिला– ओ.पी. ए.सी.बी नागौर, थाना – प्रधान आरक्षी केन्द्र, भ्र0 नि0 ब्यूरो, जयपुर। वर्ष–2023 प्र0इ0रि0 सं. 64/23 दिनांक.. 21/3/2023

2. (I) अधिनियम :– धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (संशोधित) 2018
   (II) अधिनियम ...................... धारायें ...........................
   (III) अधिनियम ........................... धारायें .......................................
   (IV) अन्य अधिनियम एवं धारायें .......................................................

3. (अ) रोजनामचा आम रपट संख्या .................379 समय ...1:00 P.M.........
   (ब) अपराध घटने का दिन – सोमवार, दिनांक 20.03.2023 समय 10.15 ए.एम.
   (स) थाना पर सूचना प्राप्त होने की दिनांक ...06.03.2023...समय...... 12.43 पी.एम......

4. सूचना की किस्म :– लिखित /मौखिक – लिखित

5. घटनास्थल :– पटवार घर, बड़ी खाटू, तहसील जायल, जिला नागौर।
   (अ) पुलिस थाना से दिशा व दूरी :– बजानिब पूर्व करीब 70 कि.मी.
   (ब) बीट संख्या.........................जयरामदेही सं.............................................
   (स) यदि इस पुलिस थाना से बाहरी सीमा का है तो
   पुलिस थाना ................................................जिला ...........................................

6. (i) परिवादी :–
   (अ) नाम – डॉ0 अभिषेक बाबु
   (ब) पिता/पति का नाम – श्री झुमरमल शर्मा
   (स) जन्म तिथी– उम्र – 32 वर्ष
   (द) राष्ट्रीयता – भारतीय
   (य) पासपोर्ट संख्या ............................................... जारी होने की तिथि
   जारी होने की जगह ............................................................................
   (र) व्यवसाय – राजकीय चिकित्सक
   (ल) पता – रेलवे स्टेशन के पास, छोटी खाटू, जिला नागौर हाल चिकित्सा अधिकारी, राजकीय चिकित्सालय, छोटी खाटू, तहसील डीडवाना, जिला नागौर।

7. ज्ञात/अज्ञात संदिग्ध अभियुक्तों का ब्यौरा सम्पूर्ण विशिष्टयों सहित : –
   1. श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धर्माराम जाति मेघवाल उम्र 34 वर्ष, निवासी उबासी, पुलिस थाना बड़ी खाटू, तहसील जायल जिला नागौर हाल पटवारी, पटवार मण्डल, खाटू कलां (बड़ी खाटू) तहसील जायल, जिला नागौर।

8. परिवादी / सूचनाकर्ता द्वारा इतला देने में विलम्ब का कारण :–..............
9. चुराई हुई / लिप्त सम्पत्ति की विशिष्टियां (यदि अपेक्षित हो तो अतिरिक्त पन्ना लगायें).....
   .....................................................................................
10. चुराई हुई/ लिप्त सम्पत्ति का कुल मुल्य – 2,25,000/– रूपये रिश्वत राशि
11. पंचनामा/ यू.डी. केस संख्या (अगर हो तो) ..........................................
12. विषय वस्तु प्रथम इत्तिला रिपोर्ट (अगर अपेक्षित ....हो तो अतिरिक्त पन्ना लगायें):–

सेवामें,

श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, नागौर

विषय :– रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ने बाबत्।

महोदय जी,

नम्र निवेदन है कि मैं अभिषेक शर्मा निवासी छोटी खाटू जिला नागौर का इस प्रकार है कि मेरे छोटे भाई श्री अंशुम शर्मा के नाम एक भूखण्ड बड़ी खाटू में कय किया हुआ है। उक्त भूखण्ड के म्यूटेशन दर्ज करने एवं कन्वर्जन करवाने हेतु मैं पटवारी श्री ओमप्रकाश जी से मिला तो उन्होंने म्यूटेशन दर्ज करने एवं कन्वर्जन करवाने के एवज में मेरे से पहले तो 2.50 लाख रूपये की रिश्वत मांग की। मैं फिर दुबारा मिला तो 2.30 लाख रूपये की मांग कर रहे है। मैं अपने जायज

काम के बदले रिश्वत नहीं देना चाहता हूं। पटवारी को रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़वाना चाहता हूं। मेरी इनसे कोई रंजिश नहीं है और ना ही कोई उधार लेन–देन है। उचित कार्यवाही हेतु रिपोर्ट प्रेषित है।

एसडी अभिषेक
10.03.2023
मो.नं. 9413188375

## कार्यवाही पुलिस

निवेदन है कि दिनांक 06.03.2023 को वक्त 12.43 पी.एम. पर श्रीमान उप महानिरीक्षक पुलिस महोदय, भ्र.नि.ब्यूरो, अजमेर रेंज, अजमेर ने मन् पुलिस निरीक्षक को जरीये वाट्सएप ब्यूरो मुख्यालय का मैसेज फोरवर्ड कर मोबाईल पर निर्देशित किया कि मोबाईल नम्बर 9413188375 से परिवादी ने ब्यूरो मुख्यालय के वाट्सएप नम्बर पर मैसेज कर शिकायत दी है कि खाटू बड़ी का पटवारी म्यूटेशन भरने की एवज में 2.5 लाख रूपये रिश्वत की मांग कर रहा है, अतः आप परिवादी से उपरोक्त मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अग्रिम कार्यवाही करें। जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा श्रीमान उप महानिरीक्षक महोदय के निर्देशानुसार मोबाईल नम्बर 9413188375 पर परिवादी से सम्पर्क कर परिचय किया गया तो परिवादी ने बताया कि मैं डॉ0 अभिषेक,छोटी खाटू का रहने वाला हूं। हमारे प्लॉट का म्यूटेशन दर्ज करने एवं कन्वर्जन करवाने की एवज में बड़ी खाटू का पटवारी ओमजी मेरे से 2.50 लाख रूपये रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। मैं उक्त भ्रष्ट पटवारी को रंगे हाथ गिरफ्तार करवाना चाहता हूं। जिस पर परिवादी को एसीबी की कार्यप्रणाली समझाकर अग्रिम कार्यवाही करने का आश्वासन देकर हिदायत मुनासिब कर मिलने बाबत पूछा तो परिवादी ने बताया कि मैं होली के बाद आपसे सम्पर्क कर लूंगा। दिनांक 08.03.2023 को परिवादी डॉ0 अभिषेक से जरीये मोबाईल सम्पर्क किया गया तो परिवादी ने बताया कि मैं अभी व्यस्त हूं, फ्री होने पर आपसे सम्पर्क कर लूंगा। ताबाद दिनांक 09.03.2023 को मन् पुलिस निरीक्षक ने परिवादी डॉ0 अभिषेक से पुनः मोबाईल पर सम्पर्क कर मांग सत्यापन वार्ता करवाने बाबत् पूछा तो परिवादी ने बताया कि कल आप अपने स्टाफ को भेज देना मैं पटवारी से मिलकर वार्ता कर लूंगा। जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक ने परिवादी को निर्देशित किया कि मैं कल कानि0 नेमीचन्द 305 को कार्यालय का डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर देकर भेज रही हूं आप पटवारी से मिलकर अपने कार्य के संबंध में वार्ता करना तथा परिवादी को गोपनीयता बनाये रखने की हिदायत की गई। तत्पश्चात दिनांक 10.03.2023 को श्री नेमीचन्द कानि0 नं0 405 को मय डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर के परिवादी के मोबाईल नम्बरों व पते से अवगत करवाया जाकर परिवादी से सम्पर्क कर लिखित प्रार्थना पत्र प्राप्त कर रिश्वती मांग सत्यापन वार्ता करवाने हेतु आवश्यक हिदायत देकर बड़ी खाटू की ओर रवाना किया गया। सायं 09.15 पी.एम. पर श्री नेमीचन्द कानि0 फिगरा उपरोक्त का गया हुआ ब्यूरो कार्यालय उपस्थित आया। परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र व डिजीटल टेप रिकॉर्डर मन पुलिस निरीक्षक को सुपुर्द कर हालात अर्ज किये कि मैं कार्यालय से रवाना होकर बड़ी खाटू पहूंच परिवादी डॉ0 अभिषेक से मिला तथा निर्देशानुसार परिवादी से लिखित प्रार्थना पत्र प्राप्त किया। ताबाद परिवादी ने पटवारी से जरिये मोबाईल सम्पर्क किया तो पटवारी ने कार्यालय में हाजिर नहीं होने से मांग सत्यापन वार्ता नहीं हो सकी। मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा डिजीटल टेप रिकॉर्डर को कार्यालय अलमारी में सुरक्षित रखा गया। परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस आशय का प्राप्त हुआ कि मैं अभिषेक शर्मा निवासी छोटी खाटू जिला नागौर का निवेदन इस प्रकार है कि मेरे छोटे भाई श्री अंशुम शर्मा के नाम एक भूखण्ड बड़ी खाटू में कय किया हुआ है। उक्त भूखण्ड के म्यूटेशन दर्ज करने एवं कन्वर्जन करवाने हेतु मैं पटवारी श्री ओमप्रकाश जी से मिला तो उन्होंने म्यूटेशन दर्ज करने एवं कन्वर्जन करवाने के एवज में मेरे से पहले तो 02.50 लाख रूपये की रिश्वत मांग की। मैं फिर दूबारा मिला तो 02.30 लाख रूपये की मांग कर रहा है। मैं अपने जायज काम के बदले रिश्वत नहीं देना चाहता हूं। पटवारी को रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़वाना चाहता हूं। मेरी इनसे कोई रंजिश नहीं है और ना ही कोई उधार लेन–देन है। उचित कार्यवाही हेतु रिपोर्ट प्रेषित है। परिवादी की उक्त लिखित रिपोर्ट से मामला रिश्वत की मांग का पाया जाता है, शीघ्र ही रिश्वती मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया जाकर उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। दिनांक 16.03.2023 को श्री नेमीचन्द कानि0 को कार्यालय का डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर सुपुर्द कर परिवादी से सम्पर्क कर रिश्वती मांग सत्यापन वार्ता करवाने हेतु बड़ी खाटू की ओर रवाना किया गया। समय 11.35 ए.एम. पर श्री नेमीचन्द कानि0 ने मन् पुलिस निरीक्षक को जरीये मोबाईल फोन बताया कि परिवादी की संबंधित आरोपी पटवारी से बात हो गई है जो कार्यालय के डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड है तथा परिवादी को मन् पुलिस निरीक्षक से बात करवाई तो परिवादी बताया कि आरोपी ओमजी पटवारी से मेरे कार्य के संबंध में बातचीत

हो गई है तथा हमारे प्लॉट का म्यूटेशन दर्ज करने एवं कन्वर्जन करवाने की एवज में दो लाख तीस हजार रूपये रिश्वत की मांग कर दो लाख पच्चीस हजार रूपये रिश्वत राशि देना तय हुआ है तथा आरोपी पटवारी ने 20 तारीख से पूर्व रूपये देने का कहा है। जिस पर परिवादी को रिश्वत में दिये जाने वाले रूपयों की व्यवस्था कर चौकी नागौर आने की हिदायत दी गई तो परिवादी ने बताया कि मैं रिश्वत में दी जाने वाली राशि की व्यवस्था कल सुबह बैंक से कर लूंगा तथा मैं दिव्यांग होने व दूरी अधिक होने से नागौर आने में असमर्थ हूं। जिस पर परिवादी को पैसों की व्यवस्था कर अवगत करवाने के निर्देश दिये गये। ताबाद श्री नेमीचन्द कानि0 उपस्थित चौकी आया तथा डिजिटल टेप रिकॉर्डर मन् पुलिस निरीक्षक को प्रस्तुत कर परिवादी द्वारा मोबाईल पर मन् पुलिस निरीक्षक को बताये गये कथनों की ताईद की। जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा डिजिटल टेप रिकॉर्डर को चालू कर रिकॉर्ड वार्ता को सुना गया तो रिकॉर्ड वार्ता से मामला रिश्वत राशि मांग का होकर पीसी एक्ट की परिधि में आना पाया गया। आईन्दा अग्रिम ट्रेप कार्यवाही की जायेगी। दिनांक 17.03.2023 को उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार अग्रिम ट्रेप कार्यवाही प्रयोजनार्थ परिवादी से जरीये मोबाईल सम्पर्क किया गया तो परिवादी ने बताया कि आज मेरे कोई निजी कार्य होने से मैं कार्यवाही हेतु उपस्थित नहीं हो सकता हूं। मैंने रिश्वत में दी जाने वाली राशि की व्यवस्था कर ली है, परिवादी ने बताया कि मैं दिव्यांग होने से आपसे घर पर ही मिल सकता हूं। सोमवार सुबह आप अपनी टीम के साथ छोटी खाटू आ जाना, मैं आपको मेरे घर पर मिल जाउंगा। जिस पर परिवादी को सोमवार सुबह 08.00 ए.एम. पर स्वयं के निजी आवास पर मिलने के निर्देश दिये गये तथा समस्त चौकी स्टाफ को सोमवार को सुबह 06.30 ए.एम. पर कार्यालय में उपस्थित होने बाबत् पाबंद किया गया। दिनांक 19.03.2023 को मन् पुलिस निरीक्षक ने गवाहान तलबी हेतु तारीख इमरोजा का राजपत्रित अवकाश होने से सम्बन्धित कार्यालय बन्द होने व प्रातः जल्दी गवाहान की आवश्यकता होने के कारण श्रीमान अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नागौर से जरीये मोबाईल सम्पर्क कर ब्यूरो की गोपनीय कार्यवाही हेतु दिनांक 20.03.2023 को प्रातः 06.30 ए.एम. पर भ्र.नि.ब्यूरो, नागौर दो स्वतंत्र गवाह भिजवाने बाबत् निवेदन किया, जिस पर अधीक्षण अभियंता ने समय पर गवाह भिजवाने बाबत् सहमति प्रदान की। जिस पर दिनांक 20.03.2023 को पूर्व से पाबंद सुदा कार्यालय हाजा का स्टाफ एवं श्रीमान अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग नागौर द्वारा पाबंद सुदा स्वतन्त्र गवाहान श्री मांगीलाल पुत्र श्री श्रवण राम, जाति जाट, उम्र 32 वर्ष, निवासी रायधनु, तहसील व जिला नागौर हाल कनिष्ठ सहायक, कार्यालय सहायक अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, उपखण्ड खींवसर, जिला नागौर व श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री बालचन्द शर्मा, जाति ब्राह्मण, उम्र 52 वर्ष, निवासी दिवार गली, नागौर हाल हेल्पर II, कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नागौर के उपस्थित कार्यालय आये। जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा दोनों गवाहान से परिचय किया जाकर परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पढाया गया व डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड वार्ता के मुख्य--मुख्य अंश सुनाये गये, जिस पर दोनों गवाहान ने सन्तुष्ट होकर स्वतन्त्र गवाह बनने की सहमति प्रदान की। ताबाद वक्त 07.40 ए.एम. पर मन् पुलिस निरीक्षक सुशीला विश्नोई मय स्वतंत्र गवाहान श्री मांगीलाल व श्री जितेन्द्र मय ट्रेप दल के सदस्य सर्वश्री नेमीचन्द कानि0 405, कुमेरदान कानि0 194, बालाराम कानि0 554, कानाराम कानि0 532, राजेन्द्र झूरिया कानि0 150, प्रेमाराम कानि0 218, श्रीमती संगीता म0कानि0 332 व श्री भगवान सिंह कनिष्ठ सहायक जरीये सरकारी वाहन मय चालक श्री सुरेन्द्र सिंह कानि. 355 व एक प्राईवेट वाहन मय ट्रेप बॉक्स मय लेपटॉप, प्रिन्टर के वास्ते ट्रेप कार्यवाही हेतु छोटी खाटू को रवाना होकर वक्त 09.00 ए.एम. पर कस्बा छोटी खाटू में परिवादी डॉ0 अभिषेक बाबु के निजी आवास पर पहुंची। जहां पूर्व से पाबंद सुदा परिवादी अपने घर पर उपस्थित मिले। परिवादी व गवाहान का आपस में परिचय करवाया जाकर घर के अन्दर परिवादी के निजी कमरे में पहुंच अग्रिम कार्यवाही शुरू की गई। समय 09.30 ए.एम. पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा परिवादी डॉ0 अभिषेक को रिश्वत में दी जानें वाली राशि पेश करने का कहने पर उसने अपनी आलमारी में से 500--500 रूपये की चार नई सील्ड गड्डियां व 50 पुराने नोट कुल 450 नोट कुल राशि 2,25,000/-- रूपये भारतीय चलन मुद्रा के निकाल कर पेश किये। जिनका विवरण इस प्रकार है :--

| क्र.सं. | नोट नम्बर | क्र.सं. | नोट नम्बर | क्र.सं. | नोट नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9LK 739601 | 2 | 9LK 739602 | 3 | 9LK 739603 |
| 4 | 9LK 739604 | 5 | 9LK 739605 | 6 | 9LK 739606 |
| 7 | 9LK 739607 | 8 | 9LK 739608 | 9 | 9LK 739609 |
| 10 | 9LK 739610 | 11 | 9LK 739611 | 12 | 9LK 739612 |
| 13 | 9LK 739613 | 14 | 9LK 739614 | 15 | 9LK 739615 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | 9LK 739616 | 17 | 9LK 739617 | 18 | 9LK 739618 |
| 19 | 9LK 739619 | 20 | 9LK 739620 | 21 | 9LK 739621 |
| 22 | 9LK 739622 | 23 | 9LK 739623 | 24 | 9LK 739624 |
| 25 | 9LK 739625 | 26 | 9LK 739626 | 27 | 9LK 739627 |
| 28 | 9LK 739628 | 29 | 9LK 739629 | 30 | 9LK 739630 |
| 31 | 9LK 739631 | 32 | 9LK 739632 | 33 | 9LK 739633 |
| 34 | 9LK 739634 | 35 | 9LK 739635 | 36 | 9LK 739636 |
| 37 | 9LK 739637 | 38 | 9LK 739638 | 39 | 9LK 739639 |
| 40 | 9LK 739640 | 41 | 9LK 739641 | 42 | 9LK 739642 |
| 43 | 9LK 739643 | 44 | 9LK 739644 | 45 | 9LK 739645 |
| 46 | 9LK 739646 | 47 | 9LK 739647 | 48 | 9LK 739648 |
| 49 | 9LK 739649 | 50 | 9LK 739650 | 51 | 9LK 739651 |
| 52 | 9LK 739652 | 53 | 9LK 739653 | 54 | 9LK 739654 |
| 55 | 9LK 739655 | 56 | 9LK 739656 | 57 | 9LK 739657 |
| 58 | 9LK 739658 | 59 | 9LK 739659 | 60 | 9LK 739660 |
| 61 | 9LK 739661 | 62 | 9LK 739662 | 63 | 9LK 739663 |
| 64 | 9LK 739664 | 65 | 9LK 739665 | 66 | 9LK 739666 |
| 67 | 9LK 739667 | 68 | 9LK 739668 | 69 | 9LK 739669 |
| 70 | 9LK 739670 | 71 | 9LK 739671 | 72 | 9LK 739672 |
| 73 | 9LK 739673 | 74 | 9LK 739674 | 75 | 9LK 739675 |
| 76 | 9LK 739676 | 77 | 9LK 739677 | 78 | 9LK 739678 |
| 79 | 9LK 739679 | 80 | 9LK 739680 | 81 | 9LK 739681 |
| 82 | 9LK 739682 | 83 | 9LK 739683 | 84 | 9LK 739684 |
| 85 | 9LK 739685 | 86 | 9LK 739686 | 87 | 9LK 739687 |
| 88 | 9LK 739688 | 89 | 9LK 739689 | 90 | 9LK 739690 |
| 91 | 9LK 739691 | 92 | 9LK 739692 | 93 | 9LK 739693 |
| 94 | 9LK 739694 | 95 | 9LK 739695 | 96 | 9LK 739696 |
| 97 | 9LK 739697 | 98 | 9LK 739698 | 99 | 9LK 739699 |
| 100 | 9LK 739700 | 101 | 9LK 739701 | 102 | 9LK 739702 |
| 103 | 9LK 739703 | 104 | 9LK 739704 | 105 | 9LK 739705 |
| 106 | 9LK 739706 | 107 | 9LK 739707 | 108 | 9LK 739708 |
| 109 | 9LK 739709 | 110 | 9LK 739710 | 111 | 9LK 739711 |
| 112 | 9LK 739712 | 113 | 9LK 739713 | 114 | 9LK 739714 |
| 115 | 9LK 739715 | 116 | 9LK 739716 | 117 | 9LK 739717 |
| 118 | 9LK 739718 | 119 | 9LK 739719 | 120 | 9LK 739720 |
| 121 | 9LK 739721 | 122 | 9LK 739722 | 123 | 9LK 739723 |
| 124 | 9LK 739724 | 125 | 9LK 739725 | 126 | 9LK 739726 |
| 127 | 9LK 739727 | 128 | 9LK 739728 | 129 | 9LK 739729 |
| 130 | 9LK 739730 | 131 | 9LK 739731 | 132 | 9LK 739732 |
| 133 | 9LK 739733 | 134 | 9LK 739734 | 135 | 9LK 739735 |
| 136 | 9LK 739736 | 137 | 9LK 739737 | 138 | 9LK 739738 |
| 139 | 9LK 739739 | 140 | 9LK 739740 | 141 | 9LK 739741 |
| 142 | 9LK 739742 | 143 | 9LK 739743 | 144 | 9LK 739744 |
| 145 | 9LK 739745 | 146 | 9LK 739746 | 147 | 9LK 739747 |
| 148 | 9LK 739748 | 149 | 9LK 739749 | 150 | 9LK 739750 |
| 151 | 9LK 739751 | 152 | 9LK 739752 | 153 | 9LK 739753 |
| 154 | 9LK 739754 | 155 | 9LK 739755 | 156 | 9LK 739756 |
| 157 | 9LK 739757 | 158 | 9LK 739758 | 159 | 9LK 739759 |
| 160 | 9LK 739760 | 161 | 9LK 739761 | 162 | 9LK 739762 |
| 163 | 9LK 739763 | 164 | 9LK 739764 | 165 | 9LK 739765 |
| 166 | 9LK 739766 | 167 | 9LK 739767 | 168 | 9LK 739768 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 169 | 9LK 739769 | 170 | 9LK 739770 | 171 | 9LK 739771 |
| 172 | 9LK 739772 | 173 | 9LK 739773 | 174 | 9LK 739774 |
| 175 | 9LK 739775 | 176 | 9LK 739776 | 177 | 9LK 739777 |
| 178 | 9LK 739778 | 179 | 9LK 739779 | 180 | 9LK 739780 |
| 181 | 9LK 739781 | 182 | 9LK 739782 | 183 | 9LK 739783 |
| 184 | 9LK 739784 | 185 | 9LK 739785 | 186 | 9LK 739786 |
| 187 | 9LK 739787 | 188 | 9LK 739788 | 189 | 9LK 739789 |
| 190 | 9LK 739790 | 191 | 9LK 739791 | 192 | 9LK 739792 |
| 193 | 9LK 739793 | 194 | 9LK 739794 | 195 | 9LK 739795 |
| 196 | 9LK 739796 | 197 | 9LK 739797 | 198 | 9LK 739798 |
| 199 | 9LK 739799 | 200 | 9LK 739800 | 201 | 9LK 739801 |
| 202 | 9LK 739802 | 203 | 9LK 739803 | 204 | 9LK 739804 |
| 205 | 9LK 739805 | 206 | 9LK 739806 | 207 | 9LK 739807 |
| 208 | 9LK 739808 | 209 | 9LK 739809 | 210 | 9LK 739810 |
| 211 | 9LK 739811 | 212 | 9LK 739812 | 213 | 9LK 739813 |
| 214 | 9LK 739814 | 215 | 9LK 739815 | 216 | 9LK 739816 |
| 217 | 9LK 739817 | 218 | 9LK 739818 | 219 | 9LK 739819 |
| 220 | 9LK 739820 | 221 | 9LK 739821 | 222 | 9LK 739822 |
| 223 | 9LK 739823 | 224 | 9LK 739824 | 225 | 9LK 739825 |
| 226 | 9LK 739826 | 227 | 9LK 739827 | 228 | 9LK 739828 |
| 229 | 9LK 739829 | 230 | 9LK 739830 | 231 | 9LK 739831 |
| 232 | 9LK 739832 | 233 | 9LK 739833 | 234 | 9LK 739834 |
| 235 | 9LK 739835 | 236 | 9LK 739836 | 237 | 9LK 739837 |
| 238 | 9LK 739838 | 239 | 9LK 739839 | 240 | 9LK 739840 |
| 241 | 9LK 739841 | 242 | 9LK 739842 | 243 | 9LK 739843 |
| 244 | 9LK 739844 | 245 | 9LK 739845 | 246 | 9LK 739846 |
| 247 | 9LK 739847 | 248 | 9LK 739848 | 249 | 9LK 739849 |
| 250 | 9LK 739850 | 251 | 9LK 739851 | 252 | 9LK 739852 |
| 253 | 9LK 739853 | 254 | 9LK 739854 | 255 | 9LK 739855 |
| 256 | 9LK 739856 | 257 | 9LK 739857 | 258 | 9LK 739858 |
| 259 | 9LK 739859 | 260 | 9LK 739860 | 261 | 9LK 739861 |
| 262 | 9LK 739862 | 263 | 9LK 739863 | 264 | 9LK 739864 |
| 265 | 9LK 739865 | 266 | 9LK 739866 | 267 | 9LK 739867 |
| 268 | 9LK 739868 | 269 | 9LK 739869 | 270 | 9LK 739870 |
| 271 | 9LK 739871 | 272 | 9LK 739872 | 273 | 9LK 739873 |
| 274 | 9LK 739874 | 275 | 9LK 739875 | 276 | 9LK 739876 |
| 277 | 9LK 739877 | 278 | 9LK 739878 | 279 | 9LK 739879 |
| 280 | 9LK 739880 | 281 | 9LK 739881 | 282 | 9LK 739882 |
| 283 | 9LK 739883 | 284 | 9LK 739884 | 285 | 9LK 739885 |
| 286 | 9LK 739886 | 287 | 9LK 739887 | 288 | 9LK 739888 |
| 289 | 9LK 739889 | 290 | 9LK 739890 | 291 | 9LK 739891 |
| 292 | 9LK 739892 | 293 | 9LK 739893 | 294 | 9LK 739894 |
| 295 | 9LK 739895 | 296 | 9LK 739896 | 297 | 9LK 739897 |
| 298 | 9LK 739898 | 299 | 9LK 739899 | 300 | 9LK 739900 |
| 301 | 9LK 739901 | 302 | 9LK 739902 | 303 | 9LK 739903 |
| 304 | 9LK 739904 | 305 | 9LK 739905 | 306 | 9LK 739906 |
| 307 | 9LK 739907 | 308 | 9LK 739908 | 309 | 9LK 739909 |
| 310 | 9LK 739910 | 311 | 9LK 739911 | 312 | 9LK 739912 |
| 313 | 9LK 739913 | 314 | 9LK 739914 | 315 | 9LK 739915 |
| 316 | 9LK 739916 | 317 | 9LK 739917 | 318 | 9LK 739918 |
| 319 | 9LK 739919 | 320 | 9LK 739920 | 321 | 9LK 739921 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 322 | 9LK 739922 | 323 | 9LK 739923 | 324 | 9LK 739924 |
| 325 | 9LK 739925 | 326 | 9LK 739926 | 327 | 9LK 739927 |
| 328 | 9LK 739928 | 329 | 9LK 739929 | 330 | 9LK 739930 |
| 331 | 9LK 739931 | 332 | 9LK 739932 | 333 | 9LK 739933 |
| 334 | 9LK 739934 | 335 | 9LK 739935 | 336 | 9LK 739936 |
| 337 | 9LK 739937 | 338 | 9LK 739938 | 339 | 9LK 739939 |
| 340 | 9LK 739940 | 341 | 9LK 739941 | 342 | 9LK 739942 |
| 343 | 9LK 739943 | 344 | 9LK 739944 | 345 | 9LK 739945 |
| 346 | 9LK 739946 | 347 | 9LK 739947 | 348 | 9LK 739948 |
| 349 | 9LK 739949 | 350 | 9LK 739950 | 351 | 9LK 739951 |
| 352 | 9LK 739952 | 353 | 9LK 739953 | 354 | 9LK 739954 |
| 355 | 9LK 739955 | 356 | 9LK 739956 | 357 | 9LK 739957 |
| 358 | 9LK 739958 | 359 | 9LK 739959 | 360 | 9LK 739960 |
| 361 | 9LK 739961 | 362 | 9LK 739962 | 363 | 9LK 739963 |
| 364 | 9LK 739964 | 365 | 9LK 739965 | 366 | 9LK 739966 |
| 367 | 9LK 739967 | 368 | 9LK 739968 | 369 | 9LK 739969 |
| 370 | 9LK 739970 | 371 | 9LK 739971 | 372 | 9LK 739972 |
| 373 | 9LK 739973 | 374 | 9LK 739974 | 375 | 9LK 739975 |
| 376 | 9LK 739976 | 377 | 9LK 739977 | 378 | 9LK 739978 |
| 379 | 9LK 739979 | 380 | 9LK 739980 | 381 | 9LK 739981 |
| 382 | 9LK 739982 | 383 | 9LK 739983 | 384 | 9LK 739984 |
| 385 | 9LK 739985 | 386 | 9LK 739986 | 387 | 9LK 739987 |
| 388 | 9LK 739988 | 389 | 9LK 739989 | 390 | 9LK 739990 |
| 391 | 9LK 739991 | 392 | 9LK 739992 | 393 | 9LK 739993 |
| 394 | 9LK 739994 | 395 | 9LK 739995 | 396 | 9LK 739996 |
| 397 | 9LK 739997 | 398 | 9LK 739998 | 399 | 9LK 739999 |
| 400 | 9LK 740000 | 401 | 4AW 212556 | 402 | 8GL 899418 |
| 403 | 9FD 136812 | 404 | 2CT 516860 | 405 | 8NH 416097 |
| 406 | 8GV 018502 | 407 | 6HF 204539 | 408 | 4FW 410642 |
| 409 | 0GR 153787 | 410 | 3CK 404785 | 411 | 8HK 484755 |
| 412 | 3WQ 871044 | 413 | 2AD 014611 | 414 | 6FU 671032 |
| 415 | 1DP 293783 | 416 | 6GG 704165 | 417 | 4RL 530105 |
| 418 | 8BP 189836 | 419 | 1LS 907121 | 420 | 6BT 160560 |
| 421 | 5EF 368649 | 422 | 2UL 895480 | 423 | 9LB 886499 |
| 424 | 3HV 707577 | 425 | 9KT 562505 | 426 | 1BV 945909 |
| 427 | 6ET 376401 | 428 | 2LL 941781 | 429 | 4PS 762929 |
| 430 | 4LW 804871 | 431 | 4HD 947813 | 432 | 1MA 859565 |
| 433 | 7CM 254581 | 434 | 8KW 908977 | 435 | 4CS 106530 |
| 436 | 0FW 346977 | 437 | 7RD 980282 | 438 | 9QW 072589 |
| 439 | 4FF 214346 | 440 | 0MA 720450 | 441 | 9GB 310404 |
| 442 | 4AC 314806 | 443 | 2AS 270414 | 444 | 1UL 623761 |
| 445 | 6KM 108221 | 446 | 4FW 410667 | 447 | 8AH 624111 |
| 448 | 9VU 344044 | 449 | 3FG 433902 | 450 | 4WM 290244 |

तत्पश्चात ट्रेप दल में शामिल श्री कुमेरदान कानि0 196 से सरकारी वाहन के डेस्कबोर्ड में रखा फिनोफ्थलीन पाउडर का डिब्बा निकालकर परिवादी के कमरे में मंगवाया जाकर उपर्युक्त सभी नोटों को कमरे के फर्श पर अखबार पर रखकर प्रक्रिया अनुसार श्री कुमेरदान कानि0 196 से रिश्वत राशि नोटों पर हल्का–हल्का फिनोफ्थलीन पाउडर लगाने की प्रक्रिया करवाई जाकर गवाह श्री मांगीलाल से परिवादी की तलाशी लिवाई गई तथा श्री कुमेरदान कानि0 196 से रिश्वत राशी 2,25,000/– रुपये परिवादी के निजी बैग में रखवाये गये तथा गवाहान को सोडियम कार्बोनेट व फिनोफ्थलीन पाउडर की रासायनिक प्रकिया दृष्टान्त देकर समझाई गई।

तत्पश्चात् श्री कुमेरदान कानि0 के हाथ साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये तथा फिनोफ्थलीन पाउडर का डिब्बा सुरक्षित सरकारी वाहन बोलेरो के डेस्कबोर्ड में वापस रखवाया गया तथा परिवादी को डिजिटल वॉयस टेप रिकॉर्डर ऑपरेट करने की प्रक्रिया समझाकर रिश्वत लेन–देन वार्ता रिकॉर्ड करने हेतु उसे सुपुर्द किया गया तथा परिवादी को आरोपी श्री ओमप्रकाश पटवारी द्वारा रिश्वत राशि ग्रहण कर लेने पर ट्रेपदल के सदस्यों को देखते हुए अपने सिर पर हाथ फेरकर या मन् पुलिस निरीक्षक के मोबाईल पर फोन कर ईशारा करने की हिदायत की गई। पृथक से फर्द पेशकशी व सुपुर्दगी नोट एवं दृष्टान्त फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट की फर्द तैयार की जाकर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये जाकर शामिल कार्यवाही की गई तथा श्री कुमेरदान कानि0 196 को भ्र0नि0ब्यूरो, नागौर रवाना किया गया। ताबाद परिवादी डॉ0 अभिषेक व श्री राजेन्द्र झूरिया कानि0 को परिवादी की निजी कार से आरोपी से मिलकर रिश्वत राशि देने हेतु आगे–आगे रवाना कर उनके पिछे मन् पुलिस निरीक्षक सुशीला विश्नोई मय स्वतंत्र गवाहान मय ट्रेप दल के सदस्यों जरीये सरकारी व प्राईवेट वाहन मय ट्रेप बॉक्स मय लेपटॉप, प्रिन्टर के वास्ते ट्रेप कार्यवाही हेतु कस्बा छोटी खाटू से कस्बा बड़ी खाटू को रवाना होकर पटवार घर, बड़ी खाटू के पास पहुंचे, जहां सड़क पर अलग–अलग साईड में दोनों वाहनों को खड़ा कर कानि0 राजेन्द्र झूरिया को मोबाईल पर निर्देशित किया कि डिजिटल टेप रिकॉर्डर को चालू कर परिवादी को देकर आरोपी से सम्पर्क करने हेतु पटवार घर, बड़ी खाटू के अन्दर रवाना करे एवं स्वयं की उपस्थिति छिपाते हुए आस–पास रहकर नजर रखें तथा मन् पुलिस निरीक्षक मय हमराहियान ट्रेप दल के सदस्य अपनी उपस्थिति को छुपाते हुए पटवार घर, बड़ी खाटू के आस–पास खड़े होकर परिवादी के पूर्व निर्धारित ईशारे का इन्तजार करनें लगे। वक्त 10.15 ए.एम. पर परिवादी डॉ0 अभिषेक ने मन् पुलिस निरीक्षक के मोबाईल पर कॉल कर रिश्वत स्वीकृति का पूर्व निर्धारित ईशारा किया, जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा ट्रेप दल के सदस्यों को साथ लेकर परिवादी के पास पटवार घर बड़ी खाटू में पहुंची एवं परिवादी से वॉयस रिकॉर्डर प्राप्त कर स्वीच ऑफ किया, इस पर परिवादी डॉ0 अभिषेक नें मन् पुलिस निरीक्षक को बताया कि मैं श्री ओमप्रकाश पटवारी से पटवार घर, बड़ी खाटू में उनके कार्यालय में मिला और मेरे काम के सम्बन्ध में बातचीत की एवं श्री ओमप्रकाश पटवारी द्वारा रिश्वत की मांग का ईशारा करने पर मैंने अपने निजी बैग में से रिश्वत राशि निकालकर श्री ओमप्रकाश पटवारी को दी तो श्री ओमप्रकाश पटवारी ने रुपये अपने दाहिनें हाथ में लेकर देखकर अपनी टेबल की नीचे की दराज में रख लिये। उसके बाद मैंने आपको मोबाईल पर फोन करके रिश्वत लेने का ईशारा कर दिया। मन् पुलिस निरीक्षक मय स्टाफ के साथ पटवार घर के अन्दर गये तो कमरे में मुख्य टेबल की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति की तरफ परिवादी ने ईशारा कर बताया कि यही ओमप्रकाश पटवारी है, जिसने मेरे से अभी–अभी 2,25,000/– रूपये रिश्वत राशि प्राप्त की है तथा प्राप्त कर अपनी टेबल की नीचे की दराज में रखी है। जिस पर उक्त व्यक्ति को मन् पुलिस निरीक्षक ने अपना व हमराहीयान का परिचय देते हुए, उक्त व्यक्ति का परिचय पूछा तो उसने अपना नाम ओमप्रकाश पुत्र श्री धर्माराम जाति मेघवाल उम्र 34 वर्ष, निवासी उबासी, पुलिस थाना बड़ी खाटू, तहसील जायल जिला नागौर हाल पटवारी, पटवार मण्डल, खाटू कलां (बड़ी खाटू) तहसील जायल, जिला नागौर होना बताया। श्री ओमप्रकाश पटवारी को परिवादी डॉ0 अभिषेक से रिश्वत राशि लेने के सम्बन्ध में पूछा गया तो ओमप्रकाश पटवारी ने बताया कि मैने डॉ0 अभिषेक से कोई रिश्वत नहीं ली है, जिस पर पुनः मन् पुलिस निरीक्षक ने तसल्ली पूर्वक पूछताछ की तो बताया कि मैंने डॉ0 अभिषेक से किसी प्रकार की कोई रिश्वत राशि नहीं ली है। उसने अपनी मर्जी से 2,25,000/– रूपये मुझे दिये है जो मेरी टेबल की नीचे की दराज में है। श्री ओमप्रकाश पटवारी के उक्त कथन पर परिवादी डॉ0 अभिषेक नें स्वतः ही बताया कि दिनांक 16.03.2023 को मैं ओमप्रकाश पटवारी से पटवार घर बड़ी खाटू में मिला तथा मेरे भाई अंशुम शर्मा के नाम खरीदशुदा भूखण्ड का म्यूटेशन दर्ज करने एवं कन्वर्जन करवाने की एवज में 2,30,000/– रूपये रिश्वत राशि की मांग कर 2,25000/– रूपये देना तय हुआ, जो आज इनके कहेनुसार 2,25,000/– रूपये मैंने अभी–अभी इनको दिये हैं, रिश्वत लेने की ताईद होने पर ओमप्रकाश पटवारी का दायां व बायां हाथ कलाई के उपर से मेरे निर्देश से क्रमशः कानि0 श्री नेमीचन्द व श्री कानाराम से पकड़वाये गये। गवाह श्री मांगीलाल से आरोपी ओमप्रकाश पटवारी की टेबल की नीचे की दराज खुलवाकर तलाशी लिरवाई गयी तो 500–500 रूपये की चार नई सीलड गड्डिया एवं कुछ खुले नोट, जिनको पूर्व में बनी फर्द पेशकशी व सुपुर्दगी नोट से मिलान करवाया गया तो हुबहू वही नोट होना पाये गये। जिनको गवाह श्री मांगीलाल से गिनवाये गये तो 500–500 रूपये के 450 नोट कुल 2,25,000/– रूपये होना बताया तथा दोनो गवाहों से रिश्वती राशि 2,25,000/– रूपये के नोटों के नम्बरों का मिलान पूर्व में मुर्तिब फर्द पेशकशी व सुपुर्दगी नोट से करवाया गया तो वही नोट हुबहू होना पाये गये। बरामद रिश्वती राशी 2,25,000/– रूपये के नोटो को कागज की चिटो मे अलग–अलग पांच पार्ट में सील बन्द कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर

करवाकर रिश्वती राशि को कब्जा एसीबी ली गई। तत्पश्चात ट्रेप बॉक्स में से दो कांच के साफ गिलासों में पानी भरवाकर सोडियम कार्बोनेट पाउडर का प्रक्रियानुसार घोल तैयार किया गया। एक गिलास के उक्त रंगहीन घोल में आरोपी ओमप्रकाश पटवारी के दाहिनें हाथ की अंगुलियों व अंगूठे को डूबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग गहरा गुलाबी हो गया। जिसे दो साफ कांच की शिशियों में आधा–आधा डालकर शिशियों को शिल्ड चिट कर मार्क क्रमशः RH–1 व RH–2 अंकित किया गया। दूसरे गिलास के रंगहीन घोल में आरोपी ओमप्रकाश पटवारी के बांये हाथ की अंगुलियों व अंगूठे को डूबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग रंगहीन रहा। जिसे भी दो साफ कांच की शिशियों में आधा–आधा डालकर शिशियों को शिल्ड चिट कर मार्क क्रमशः LH–1 व LH–2 अंकित कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। तत्पश्चात एक कांच के साफ गिलास में पानी भरवाकर सोडियम कार्बोनेट पाउडर का प्रक्रियानुसार घोल तैयार किया गया। गिलास के उक्त रंगहीन घोल में रूई से टेबल की नीचे की दराज को रगड़कर उक्त रूई को घोल में डुबोया गया तो घोल का रंग अत्यधिक गहरा गुलाबी हो गया। जिसे दो साफ कांच की शिशियों में आधा–आधा डालकर शिशियों को सिल्ड चिट कर मार्क क्रमशः T–1 व T–2 अंकित कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। आरोपी से परिवादी डॉ0 अभिषेक के भाई अंशुम शर्मा के नाम खरीदशुदा भूखण्ड के म्यूटेशन एवं कन्वर्जन सम्बन्धी कागजात के बारे में पूछा गया तो आरोपी ओमप्रकाश पटवारी ने बताया कि उक्त भूखण्ड पूर्व में जिस खातेदार के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है उसके द्वारा नामान्तरण दर्ज नहीं करवाकर सीधे रजिस्ट्री से रजिस्ट्री करवा दी है। पूर्व खातेदार द्वारा नामान्तरण दर्ज करवाने के बाद ही डॉ0 अभिषेक के भाई के नाम म्यूटेशन दर्ज करने की कार्यवाही हो पायेगी, डॉ0 अभिषेक के भाई के भूखण्ड के म्यूटेशन एवं कन्वर्जन सम्बन्धी कागजात की फोटोप्रतियां मेरी टेबल की दराज में रखी है, जो आरोपी द्वारा प्रस्तुत करने पर प्राप्त कर कब्जा एसीबी लिये गये। (नोट – पटवार घर बड़ी खाटू में आमजनो की आवाजाही अधिक होने एवं सामने भीड़भाड़ ज्यादा होने से आरोपी को सुरक्षा की दृष्टि से अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस थाना बड़ी खाटू लेकर पहुंची। अग्रिम ट्रेप कार्यवाही थाना परिसर में बने हॉल/बैरिक में शुरू की गई।) परिवादी को पूर्व में दिया गया डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर में वक्त रिश्वत लेन देन की रिकॉर्ड वार्ता को सुना गया तो रिश्वती लेन देन की वार्ता की पुष्टि होना पाया गया। इस प्रकार आरोपी श्री ओमप्रकाश पटवारी, पटवार मण्डल, खाटू कलां (बड़ी खाटू) तहसील जायल, जिला नागौर द्वारा परिवादी डॉ0 अभिषेक के भाई अंशुम शर्मा के नाम खरीदशुदा भूखण्ड का म्यूटेशन दर्ज करने एवं कन्वर्जन करवाने की एवज में आरोपी ओमप्रकाश पटवारी द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर अपने वैद्य पारिश्रमिक से भिन्न 2,30,000/– रूपये रिश्वत राशि की मांग कर मांग के अनुशरण में 2,25,000/– रूपये रिश्वत राशि प्राप्त किये जानें पर आरोपी श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धर्माराम जाति मेघवाल उम्र 34 वर्ष, निवासी उबासी, पुलिस थाना बड़ी खाटू, तहसील जायल जिला नागौर हाल पटवारी, पटवार मण्डल, खाटू कलां (बड़ी खाटू) तहसील जायल, जिला नागौर का उक्त कृत्य जुर्म धारा 7 पी.सी. एक्ट (संशोधित) 2018 का जुर्म प्रथम दृष्टया घटित होना पाया जाने पर अभियुक्त श्री ओमप्रकाश पटवारी को उपरोक्त जुर्म से आगाह कर अपने संवैधानिक अधिकारो से अवगत करवाते हुए वक्त 01.15 पी.एम. पर जरिये फर्द गिरफ्तार किया जाकर फर्द गिरफ्तारी पृथक से मुर्तिब की गई। तत्पश्चात मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा स्वतंत्र गवाहान की उपस्थिति में परिवादी की निशांदेही पर घटनास्थल का निरीक्षण किया जाकर फर्द नक्शा मौका निरीक्षण घटनास्थल मुर्तिब कर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाकर शामिल पत्रावली की गई। ताबाद वॉयस रिकॉर्डर में दर्ज रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता को सुनकर कम्प्यूटर से शब्द ब शब्द ट्रांसक्रिप्ट तैयार करवाई गई तथा वॉयस रिकॉर्डर को कम्प्यूटर से कनेक्ट कर रिकॉर्डर में दर्ज रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता की दो डीवीडियां पृथक–पृथक बनवाई जाकर एक डीवीडी आरोपी के लिए कागज के लिफाफे में बंद व एक डीवीडी अनुसंधान अधिकारी के लिए कागज के लिफाफे में बंद कर उक्त दोनो डीवीडी गोपनीयता की दृष्टि से मन् पुलिस निरीक्षक के पास सुरक्षित रखी गई तथा वॉयस रिकॉर्डर में दर्ज वक्त रिश्वत लेन–देन वार्ता को सुनकर कम्प्यूटर से शब्द ब शब्द ट्रांसक्रिप्ट तैयार करवाई गई तथा वॉयस रिकॉर्डर को कम्प्यूटर से कनेक्ट कर रिकॉर्डर में दर्ज वक्त रिश्वत लेन–देन वार्ता की दो डीवीडियां पृथक–पृथक बनवाई गई। ताबाद वॉयस रिकॉर्डर से मूल मैमोरी कार्ड निकालकर कपड़े की थैली में डालकर शील्ड कर न्यायालय हेतु तथा वार्ता की दोनों डीवीडियां कागज के लिफाफों में बन्द कर आरोपी व अनुसंधान अधिकारी हेतु सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये व परिवादी डॉ0 अभिषेक बाबु को अपनी सकूनत के लिए रूखसत किया गया। ताबाद मन् पुलिस मय परिवादी व स्वतंत्र गवाहान मय गिरफ्तार सुदा आरोपी ओमप्रकाश पटवारी मय ट्रेप दल के सदस्य मय सरकारी वाहन मय चालक श्री सुरेन्द्र सिंह व एक प्राईवेट वाहन मय ट्रेप बॉक्स मय लेपटॉप, प्रिन्टर व मय माल वजह सबूत के बाद ट्रेप कार्यवाही पुलिस थाना बड़ी खाटू से रवाना होकर एसीबी चौकी नागौर पहुंच अग्रिम कार्यवाही शुरू की गई। मन्

पुलिस निरीक्षक द्वारा बरामद रिश्वत राशि 2,25,000/– रुपये, शील्ड शुदा धोवन की शिशियां मार्क RH–1, RH–2, LH–1, LH–2 व T–1, T–2, रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता व वक्त रिश्वत लेन–देन वार्ता का मूल मैमोरी कार्ड व आरोपी हेतु रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता व वक्त रिश्वत लेन–देन वार्ता की एक–एक डीवीडी मालखाना प्रभारी श्री तुलछाराम हैड कानि. 94 को सुपुर्द कर जमा मालखाना करवाया गया तथा आरोपी की जामातलाशी में कब्जा एसीबी लिया गया आरोपी का मोबाईल सुरक्षार्थ मालखाना में रखवाया गया। उपरोक्त ट्रेप कार्यवाही का समय–समय पर रनिंग नोट पृथक से तैयार किया गया।

उपरोक्त ट्रेप कार्यवाही से पाया गया कि आरोपी श्री ओमप्रकाश पटवारी, पटवार मण्डल, खाटू कलां (बड़ी खाटू) तहसील जायल, जिला नागौर द्वारा परिवादी डॉ0 अभिषेक के भाई अंशुम शर्मा के नाम खरीदशुदा भूखण्ड का म्यूटेशन दर्ज करने एवं कन्वर्जन करवाने की एवज में आरोपी ओमप्रकाश पटवारी द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर अपने वैद्य पारिश्रमिक से भिन्न 2,30,000/– रूपये रिश्वत राशि की मांग कर मांग के अनुशरण में 2,25,000/– रूपये रिश्वत राशि प्राप्त किये जानें व रिश्वती राशि आरोपी की टेबल की दराज से बरामद होने पर आरोपी श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धर्माराम जाति मेघवाल उम्र 34 वर्ष, निवासी उबासी, पुलिस थाना बड़ी खाटू, तहसील जायल जिला नागौर हाल पटवारी, पटवार मण्डल, खाटू कलां (बड़ी खाटू) तहसील जायल, जिला नागौर का उक्त कृत्य जुर्म धारा 7 पी.सी. एक्ट (संशोधित) 2018 का जुर्म प्रथम दृष्टया घटित होना पाया जाता है। अतः उपरोक्त आरोपी के विरूद्व उपरोक्त वर्णित धाराओं में अभियोग पंजीबद्व करनें हेतु बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्रीमान महानिदेशक भ्रनिब्यूरो राज0 जयपुर की सेवामें प्रेषित है।

भवदीया,

(सुशीला विश्नोई)
निरीक्षक पुलिस,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
नागौर

<u>कार्यवाही पुलिस</u>

दर्ज किया जाता है कि उपरोक्त टाईप शुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्रीमती सुशीला विश्नोई, पुलिस निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, नागौर ने प्रेषित की है। मजमून रिपोर्ट से जुर्म अन्तर्गत धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) आरोपी श्री ओमप्रकाश, पटवारी, पटवार मण्डल खाटू कलां (बड़ी खाटू), तहसील जायल, जिला नागौर के विरूद्ध घटित होना पाया जाता है। अतः अपराध संख्या 64/2023 उपरोक्त धारा में दर्ज कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियाँ नियमानुसार कता कर तफ्तीश जारी है।

21.3.23
(योगेश दाधीच)
पुलिस अधीक्षक-प्रशासन,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर।

क्रमांक 507-10 दिनांक 21.3.2023

प्रतिलिपिः-सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. विशिष्ठ न्यायाधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, संख्या-1, जोधपुर।
2. जिला कलक्टर, नागौर।
3. उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अजमेर।
4. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, नागौर।

21.3.23
पुलिस अधीक्षक-प्रशासन,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर।